कार्यालय, निदेशक, निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः— शिविर—माध्य / वि.जाँच / 11400 / 2025—26 / 55000 दिनांक :— **यथा हस्ताक्षर**

जिला शिक्षा अधिकारी (समस्त)
(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान।

स्मरण—पत्र

विषय :— **सत्र 2025-26** के **कक्षा—10** एवं **12** के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम की प्रविष्टि शाला दर्पण पोर्टल पर करवाने बाबत।

प्रसंग :— समसंख्यक पत्र दिनांक 08.06.2026 एवं 02.07.2026

उपरोक्त समसंख्यक पत्र दिनांक 08.06.2026 एवं 02.07.2026 के द्वारा आपको अपने अधीनस्थ राजकीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर के समस्त विद्यालयों से सत्र **2025-26** का कक्षा **10** एवं **12** के विभिन्न विषयों का अध्यापन करवाने वाले विषयाध्यापकों एवं संस्था प्रधानों के विषयवार एवं विद्यालयवार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम दिनांक **15.07.2026** तक शालादर्पण पोर्टल के रिजल्ट टैब पर आवश्यक एवं अनिवार्य रूप से प्रविष्ट (पूरक परीक्षा से पूर्व) कर लॉक करवाने हेतु निर्देशित किया गया था। आदिनांक शालादर्पण पोर्टल के रिजल्ट टैब पर सत्र **2025-26** का कक्षा **10** एवं **12** के परीक्षा परिणाम की प्रविष्टि का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ समस्त विद्यालयों से सत्र **2025-26** का कक्षा **10** एवं **12** का परीक्षा परिणाम शालादर्पण पोर्टल के रिजल्ट टैब पर आवश्यक एवं अनिवार्य रूप से दिनांक **31.07.2026** तक शत प्रतिशत प्रविष्टि करवाकर लॉक करवाया जाना सुनिश्चित करावें। इस हेतु अधीनस्थ संस्था प्रधानों को आप अपने स्तर से पाबंद करें। निर्धारित दिनांक तक परीक्षा परिणाम अपलोड नहीं करने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

(शैलेन्द्र देवडा)
आर.ए.एस.
अतिरिक्त निदेशक
निदेशालय माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :— शिविर—माध्य / वि.जाँच / 11400 / 2025—26 / 55000 दिनांक :— **यथा हस्ताक्षर**

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—

1. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्य का प्रभावी प्रबोधन किया जाना सुनिश्चित करे।
2. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
3. स्टाफ ऑफिसर, निजी अनुभाग, निदेशक कार्यालय हाजा।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा।
5. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, समस्त ब्लॉक।
6. अनुभागाधिकारी, शाला दर्पण अनुभाग कार्यालय हाजा
7. रक्षित पत्रावली।

अतिरिक्त निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified
Digitally Signed by Shailendra Deora
Designation : Additional Director
Date :20-07-2026 03:57:38

RajKaj Ref No.: 23489326